सार-समाचार

विकास रथों की रवानगी

ब्यावर (निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष में सरकारी योजनाओं, बजट घोषणाओं एवं उपलब्धियों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों-ब्यावर, मसूदा एवं जैतारण-के लिए विकास रथों को जिला प्रभारी मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने आज ब्यावर में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में शिरकत की तथा प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से सरकार की दो वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने कार्यकाल में किए गए वादों को धरातल पर उतारते हुए उन्हें साकार किया है। जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर आमजन को लाभान्वित किया गया है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में राजस्थान विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंच रहा है, जिसके सकारात्मक परिणाम बीते दो वर्षों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले कई पेपर लीक प्रकरण सामने आए, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में ऐसी कोई घटना नहीं हुई है। सरकार की सख्त नीति एवं प्रभावी कार्यवाही के चलते कानून-व्यवस्था में सुधार हुआ है तथा अपराध दर में 19 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में और भी अनेक विकास कार्य किए जाएंगे, जिससे राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर उन्होंने ब्यावर से विकास रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि ये विकास रथ गांव-गांव एवं ढाणी-ढाणी जाकर राज्य सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों की जानकारी देंगे। रथों में सुझाव पेटी भी रखी गई है, जिसमें आमजन अपने सुझाव दे सकेंगे। प्राप्त सुझावों को गंभीरता से लेकर आगामी बजट एवं योजनाओं में शामिल किया जाएगा।कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि विकास रथों के माध्यम से आमजन से सुझाव प्राप्त कर उन्हें धरातल पर उतारने का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने जो कहा, वह करके दिखाया है। संकल्प पत्र में लिए गए 392 संकल्पों में से 274 संकल्प पूर्ण हो चुके हैं अथवा प्रगतिरत हैं तथा पांच वर्षों में किए जाने वाले लगभग 70 प्रतिशत कार्य मात्र दो वर्षों में ही पूरे कर लिए गए हैं।नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा,माननीय विधायक शंकर सिंह रावत एवं माननीय विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत ने कहा कि राजस्थान सरकार के दो वर्ष सुशासन, विकास एवं विश्वास के दो वर्ष रहे हैं। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़, जनप्रतिनिधिगण एवं वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सौर ऊर्जा से दमकता राजस्थान

ब्यावर(निसं)। विगत समय में भारत सौर ऊर्जा के क्षेत्र में नई वैश्विक ताकत बन कर उभरा है। ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिला है। देश क ऊर्जा परिदृश्य में आ रहे बदलाव (एनर्जी ट्रांजिशन) में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीते दो वर्ष में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत निर्णय किए गए हैं। निवेश की राह में आने वाली बाधाओं को दूर किया गया है। सौर परियोजनाओं को गति दी गई है। उन्हें भूमि आवंटन की प्रक्रियाओं को सुगम बनाया गया है। स्वाभाविक है कि परियोजनाएं समय से पूरी हो रही हैं और राजस्थान सौर ऊर्जा की रोशनी से दमक रहा है। राज्य की वर्तमान स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 41,189 मेगावाट तथा सौर ऊर्जा क्षमता 35,337 मेगावाट पहुंच चुकी है। देश की कुल सौर ऊर्जा क्षमता में राजस्थान की भागीदारी 27.2 प्रतिशत और अक्षय ऊर्जा में 16.43 प्रतिशत है। बीते दो वर्षों में राज्य की अक्षय ऊर्जा क्षमता में 17 हजार 820 मेगावाट का इजाफा हुआ है। जिसमें सौर ऊर्जा का योगदान 17,326 मेगावाट है। इसके अतिरिक्त 45 गीगावाट क्षमता की अक्षय ऊर्जा परियोजनाएँ प्रगति पर हैं। देश के सोलर हब के रूप में राजस्थान मजबूती से उभर रहा है।। सौर ऊर्जा में राजस्थान के बढ़ते प्रभुत्व के पीछे सोलर पार्क तथा सौर परियोजनाओं के साथ-साथ पीएम-कुसुम एवं पीएम सूर्यघर जैसी योजनाओं का ठोस क्रियान्वयन भी है। इन योजनाओं से राज्य में विकेन्द्रित सौर ऊर्जा को तेजी से बढ़ावा मिला है। कुसुम योजना के कम्पोनेंट-ए एवं कम्पोनेंट-सी के अन्तर्गत बीते दो वर्ष में प्रदेश की गांव-ढाणियों में 2345 मेगावाट क्षमता से अधिक की ठिाड कनेक्टेड 1047 लघु सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा चुकी हैं। इस दृष्टि से राजस्थान देश में प्रथम स्थान पर है। इसी तरह कम्पोनेंट-बी में 51,927 (कुल 1.15 लाख) ऑफ ठिाड सोलर पम्प स्थापित किए जा चुके हैं। इस योजना के माध्यम से किसान अब डीजल पंपों से मुक्ति पा रहे हैं और सस्ती एवं प्रदूषण रहित सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं। ठिाड कनेक्टेड संयंत्रों से करीब 1 लाख 54 हजार से अधिक किसानों को खेती के लिए दिन में बिजली मिल रही है। इसी तरह पीएम सूर्यघर योजना में दो वर्ष से भी कम समय में प्रदेश में 441 मेगावाट क्षमता के 1 लाख 9 हजार 209 रूफ टॉप सोलर संयंत्र लगाए जा चुके हैं। पीएम सूर्यघर में स्थापित रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्रों की संख्या के आधार पर राजस्थान देश में 5वें स्थान पर है।

अजमेर से 500 विद्युत कर्मचारी 26 दिसंबर को जयपुर हुंकार रैली में होंगे शामिल

अजमेर । राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के आ ान पर 26 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने जा रही हुंकार रैली की तैयारियों को लेकर शनिवार को अजमेर में एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक आयोजित की गई। यह बैठक अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ, जिला अजमेर के तत्वावधान में सहायक अभियंता कार्यालय, मदार में दोपहर 11 बजे संपन्न हुई। बैठक में मदार सब-डिवीजन, विद्युत प्रसारण निगम, मीटर लैब, स्टोर सहित विभिन्न इकाइयों के सैकड़ों विद्युत कर्मियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जयपुर हुंकार रैली को सफल बनाने एवं कर्मचारियों की 24 सूत्री मांगों को राजस्थान सरकार के समक्ष प्रभावी रूप से रखने की रणनीति तय करना रहा । इस अवसर पर राजस्थान विद्युत श्रमिक महासंघ के अध्यक्ष लाखन सिंह गुर्जर एवं महामंत्री सतीश सिंह राठौड़ ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत कर्मियों की लंबित एवं जायज मांगों को मनवाने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना आवश्यक है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचने का आव्हान किया। बैठक में अजमेर डिस्कॉम के कार्यकारी अध्यक्ष विनीत कुमार जैन, अजमेर जिले के अध्यक्ष नरेश कुमार शर्मा, अजमेर बीएमएस अध्यक्ष राजेंद्र कुमार शर्मा, किशनगढ़ खंड संचालक राम अवतार अठावाल, बिल्डिंग महासंघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष विश्राम मालाकार, जीएमसी सदस्य जोधपुर डिस्कॉम महेंद्र सिंह, सीकर जिला अध्यक्ष राजकुमार भास्कर, किशनगढ़ संयोजक राजेश सेन तथा के पी सिंह सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने कर्मचारियों से आ ान किया कि वे अपनी मांगों को मजबूती से रखने के लिए 26 दिसंबर को जयपुर में एकजुट होकर बड़ी संख्या में शामिल हों।

पौष्टिक भोजन एवं मानसिक स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता अभियान

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा 'ईट राइट कैंपेन' के तहत विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभाव और संतुलित आहार के महत्व से अवगत कराया गया। वक्ताओं ने फास्ट फूड से होने वाली बीमारियों पर प्रकाश डालते हुए नियमित व्यायाम और स्वस्थ दिनचर्या अपनाने का संदेश दिया। डिस्ट्रिक्ट चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि आजकल जंक फूड एवं फास्ट फूड जैसे पिज्जा, बर्गर, मोमोज, पेटीज, नूडल्स, केक, पेस्ट्रीज का सेवन विशेषकर बच्चों और युवाओं द्वारा किया जा रहा है। इनमें चीनी, नमक, तेल, मैदा, ट्रांस फैट, फूड कलर, प्रिजर्वेटिव आदि का बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जा रहा है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है जिससे बच्चों और युवाओं में कम उम्र में ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हृदय रोग के लक्षण दिखाई देते हैं। महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी ने बताया कि ऐसे खाद्य पदार्थों के सेवन से स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने एवं पौष्टिक भोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभाव, शारीरिक व्यायाम और आदर्श दिनचर्या के लाभ बताते हुए संतुलित आहार पर जोर दिया गया। इस मौके पर क्लब अध्यक्ष लायन सुनील शर्मा एवं लायन गजेंद्र पंचोली ने भी विचार रखते हुए बच्चों को जागरूक किया।

एलोपैथी के साथ ही आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का भी हब बनेगा अजमेर : देवनानी

- पुष्कर रोड पर आयुर्वेद रसायनशाला में नवीन भवन का लोकार्पण
- मिलेगी पंचकर्म चिकित्सा, एक लाख लोगों को मिलेगा लाभ

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि एलोपैथी के साथ ही अजमेर अब आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित का भी हब बनने जा रहा है। अजमेर के लोगों को विशेषज्ञ सेवाएं मिलेंगी। रसायनशाला में बना नया भवन एवं यहां पंचकर्म व आयुर्वेद चिकित्सा पद्धितयों की उपलब्धता एक लाख से ज्यादा संख्या में लोगों को राहत देगी। यह अस्पताल रिकॉर्ड समय में बन कर तैयार हुआ है।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शनिवार को पुष्कर रोड़ स्थित रसायनशाला में नए भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए देवनानी ने कहा कि नई सरकार में नए अजमेर की नींव रखी जा रही है। अजमेर में सैकड़ों करोड़ रूपए के विकास कार्यों की शुरूआत हुई। यह कार्य अजमेर के विकास में एक नया मील का पत्थर साबित होंगे। अजमेर के लोगों को अब चिकित्सा में विशेषज्ञ सेवाओं के लिए जयपुर, दिल्ली का रूख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें खुद के शहर में एलोपैथी व आयुर्वेदिक सेवाएं उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि आयुर्वेद भारतीय सनातन संस्कृति का अहम अंग रहा है। हमारे प्राचीन ठांथों में आयुर्वेद का विशेष महत्व बताया गया है। सदियों से आयुर्वेद भारत में चिकित्सा का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। एलोपैथी चिकित्सा पद्धित आने के बाद भी देश में आयुर्वेद का महत्व बरकरार रहा। भारतीय जन मानस में आयुर्वेद को लेकर एक विशेष लगाव है। इसकी सफलता के हजारों उदाहरण भी हमारे सामने हैं। इन्हीं विशेषताओं को देखते हुए राजस्थान में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है और अजमेर को इसके केन्द्र बिन्दु में रखकर काम हो रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अजमेर को चिकित्सा के क्षेत्र में बड़ी सौगातें दी है। एलोपैथी में संभाग के सबसे बड़े जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में करीब 200 करोड़ रूपए की लागत से सुपर स्पेशलियटी सेवाएं उपलब्ध होगी। इसका काम प्रगति पर है। जल्द ही यह धरातल पर भी दिखाई देगा। इसके साथ ही राज्य सरकार ने आयुर्वेद चिकित्सा पद्धित के क्षेत्र में भी विशेषज्ञ सेवाओं के लिए अजमेर को चुना है। पुष्कर रोड़ पर बना आयुर्वेद अस्पताल आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में आमजन को बड़ी राहत प्रदान करेगा। यहां आयुर्वेद से संबंधित सभी उपचारों की सेवाएं उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि पुष्कर रोड़ स्थित रसायनशाला का विकास भी अजमेर के लिए एक बड़ी सौगात है। आमजन को पंचकर्म एवं अन्य आयुर्वेद चिकित्सा पद्धितयों का लाभ उपलब्ध होगा। यह अस्पताल रिकॉर्ड समय में बन कर तैयार हुआ है। इस अवसर पर आयुर्वेद विभाग के निदेशक श्री आनन्द कुमार शर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

विकास रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

- सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत चल रहे पखवाड़े के तहत विशाल वाहन रैली का किया आयोजन

भीलवाड़ा। राज्य सरकार के सफलतम दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा तैयार किए गए विकास रथ को जिला कलेक्ट्रेट परिसर से शनिवार को भीलवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए रवाना किया गया। विकास रथ को सांसद दामोदर अठावाल, शहर विधायक अशोक कोठारी एवं वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाडा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर से सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत चल रहे पखवाड़े के तहत एक विशाल वाहन रैली का भी आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन, सुरक्षित ड्राइविंग तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। कलेक्ट्रेट परिसर से शुरू हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकाली गई, जिससे बड़ी संख्या में नागरिकों तक जागरूकता का संदेश पहुंचा। सांसद अठावाल ने बताया कि यह विकास रथ राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं विकास कार्यों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशन में सरकार ने विगत 2 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस अवसर पर विधायक कोठारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन न केवल स्वयं की बल्कि दूसरों की जान बचाने के लिए भी आवश्यक है। सभी नागरिक मिलकर सड़क सुरक्षा एवं जनजागरूकता को जन आंदोलन बनाने का संकल्प ले। जनप्रतिनिधि मेवाडा ने नागरिकों से हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों के प्रति सजग रहने का आ ान किया। रैली से पूर्व अतिथियों द्वारा दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गए तथा सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित पोस्टर का विमोचन कर सामाजिक संदेश के लिए गुब्बारे भी उड़ाए गए ।

सेवा शिविर का सफल आयोजन

ब्यावर (निसं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, देलवाड़ा में नीतू विजय, प्रधानाचार्य महोदया के कुशल संरक्षण में सत्र 2025-26 का पाँच दिवसीय समाज उपयोगी उत्पादक कार्य समाज सेवा शिविर 9 से 13 दिसंबर तक सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में कक्षा 6 से 10 तक की बालिकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ प्रधानाचार्य महोदया द्वारा सरस्वती वंदना से किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक उत्पादक कार्यों से जोड़ना था, जिसके तहत चार राज्यों पर आधारित समूह बनाए गए। प्रत्येक समूह ने अपने राज्य के प्रसिद्ध व्यंजनों का आकर्षक प्रदर्शन किया, जिससे छात्राओं ने विभिन्न पाक कलाओं का ज्ञान प्राप्त किया।

भीमराव अंबेडकर राष्ट्रीय अवार्ड से एडवोकेट राठौड सम्मानित

- यह सम्मान उनके मानवाधिकार संरक्षण और जन-जागरूकता के कार्यों के लिए प्रदान किया गया

अजमेर। ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन सेल के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राठौड़ को भीमराव अंबेडकर ह्यूमन राइट्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके मानवाधिकार संरक्षण और जन-जागरूकता के कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन सेल की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. ज्योति जोंग्लूजू ने कहा कि सम्मानित होने वाली प्रतिभाए असाधारण व्यक्तित्व के धनी है, उन्होंने निरंतर संघर्ष करते हुए नागरिकों को उनके अधिकार दिलाने, जागरूकता फैलाने और न्याय के मूल्यों को सशक्त करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

ये सम्मान राठौड के समर्पण और सेवा भाव का प्रतीक है।

ह्यूमन राइट्स प्रोटेक्शन सेल के अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन में भारत सहित नेपाल, ब्रिटेन, स्वीडन देशों के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। अधिवेशन में भारत के पूर्व सूचना आयुक्त यशवर्धन कुमार सिन्हा, राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, गुजरात सरकार के मंत्री कौशिक कांति भाई ,नेपाल की पूर्व गवर्नर व भारत सरकार द्वारा पद्मश्री से सम्मानित अनुराधा कोईराला, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता मनोज गोरवेला, करिश्मा हाडा, वरिष्ठ पत्रकार शूलपाणी सिंह उपस्थित रहे।

राठौड को भीमराव अम्बेडकर ह्यूमन राइट्स अवार्ड से सम्मानित होने पर भारतीय खो खो महासंघ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भंवर सिंह पलाड़ा,भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दशरथ सिंह सकराय, जिला बार एसोसिएशन पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह राठौड़, सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता निहाल सिंह शेखावत, विप्र फाउंडेशन सचिव कपिल व्यास, एडवोकेट भंवर सिंह गौड़ .श्रवण सिंह गौड़, दिलीप सिंह राठौड़, जितेंद्र सिंह राठौड़ ने बधाई दी।

एस.आर.आई. चुनाव में यूनियन की जीत, निकाला विजय जुलूस

- संयुक्त मोर्चा ने सीनियर रेलवे इंस्टीट्ययूट से अनैतिक गतिविधियों को बंद करवा कर, रेल कर्मचारी व उनके परिजनों के लिए सांस्कृतिक, खेलकूद एवं मनोरंजन की गतिविधियों को शुरू करने का वादा किया था

अजमेर। सीनियर रेलवे इंस्टीट्ययूट की कार्यकारिणी चुनाव में नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्पलाइज यूनियन एवं ऑल इंडिया एससी-एसटी एम्पलाइज एसोसिएशन के संयुक्त पैनल ने चार में से तीन पदों पर जीत दर्ज की। परिणाम घोषित होने के बाद ढोल-नगाड़े और आतिशबाजी के साथ विजय जुलूस निकाला गया।

यूनियन के कार्यकारी जोनल अध्यक्ष मोहन चेलानी एवं एस.सी. एस.टी. एसोसिएशन के सचिव विनोद चौहान ने बताया कि संयुक्त मोर्चा ने सीनियर रेलवे इंस्टीट्ययूट से अनैतिक गतिविधियों को बंद करवा कर, रेल कर्मचारी व उनके परिजनों के लिए सांस्कृतिक, खेलकूद एवं मनोरंजन की गतिविधियों को शुरू करने का वादा किया था, जिसे रेल कर्मचारियों ने पक्ष में मतदान करके स्वीकारा है। उन्होंने कहा कि इन्स्टीट्ययूट की नई कार्यकारिणी, अपने घोषणा पत्र के वादों के अनुरूप कार्य करेगी।

यूनियन के सहायक महासचिव जगदीश सिंह, मण्डल अध्यक्ष राजीव शर्मा एवं एसोसिएशन के सीताराम मीना, निरंजन वर्मा ने बताया कि कर्मचारियों ने कैरिज कारखाना से विजय जुलूस निकाला जो जनरल स्टोर, सीनियर सेक्शन इंजीनियर (कार्य/दक्षिण), लोको कारखाना, सीनियर रेलवे इंस्टीट्ययूट होते हुए रेलवे स्टेशन पहुंचा।

जुलूस में कर्मचारियों ने ढोल, मालाओं और आतिशबाजी से जीत का जश्न मनाया। विजय जुलूस में उपस्थिति कर्मचारियों को गजानन्द मावर, कमलेश शर्मा, विभोर मिश्रा, पुष्पेन्द्र चौधरी, रामजीलाल मीना, हंसराज मीना ने संबोधित करते हुए सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व शनिवार को देर रात्रि 1.45 बजे सीनियर रेलवे इंस्टीट्ययूट की कार्यकारिणी का परिणाम घोषित किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष पद पर दिनेश कुमार मीना (909 मत), सचिव हेमन्त कुमार (972 मत), कोषाध्यक्ष पद पर शशिकांत सैनी (1008 मत) एवं सह सचिव पद पर कुंदनमल (980 मत) लेकर विजयी घोषित हुए।

थियेटर फेस्टिवल का आगाज़ 23 दिसम्बर से

अजमेर । आप ही मेजबान, आप ही मेहमान की भावना को साकार करते हुए द्वितीय अजमेर थियेटर फेस्टिवल'' का आयोजन आगामी 23 दिसम्बर को किया जा रहा है। प्रथम अजमेर थियेटर फेस्टिवल की सफलता के पश्चात द्वितीय फेस्टिवल का आगाज़ 23 से 27 दिसम्बर, को सायं 6 बजे से पांच दिवसीय फेस्टिवल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के राजीव गांधी सभागार में किया जाएगा। फेस्टिवल की तैयारियों को लेकर आयोजन की व्यवस्थाओं, विभिन्न समितियों के गठन एवं अन्य आवश्यक विषयों पर चर्चा हेतु कल 14 दिसम्बर को संस्था कार्यालय में आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। इस बैठक में अजमेर के समस्त रंगकर्मियों, नाट्यय संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं कला प्रेमियो को आमंत्रित किया गया है, व अपने सुझाव देने तथा फेस्टिवल को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया गया है।

समाजपयोगी उत्पादन एवं समाज सेवा शिविर का समापन

- कार्यक्रम में अहिल्याबाई, गार्गी, मदर टेरेसा, द्रौपदी मुर्मू, लता मंगेशकर, सावित्रीबाई फुले, प्रियदर्शनी, कल्पना चावला, विजयलक्ष्मी एवं डॉ. आनंदीबाई सदनों की सहभागिता सराहनीय रहा

अजमेर /केकड़ी। श्री मिश्रीलाल दुबे शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित छह दिवसीय समाजोपयोगी उत्पादन एवं समाज सेवा शिविर का समापन समारोह गुरुवार, 13 दिसंबर को भव्य रूप से संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीताराम कुमावत, अध्यक्ष बार एसोसिएशन केकड़ी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि जगदीश लाल विजय एवं राधेश्याम अहीर उपस्थित रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्रौपदी मुर्मू सदन की अक्षिता गौतम द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुआ। इसके पश्चात सचिव चंद्र प्रकाश दुबे, डॉ. अविनाश दुबे, अनिरुद्ध दुबे, प्रतिभा दुबे, आकांक्षा दुबे, प्राचार्य डॉ. रामलाल वर्मा, व्याख्याता ब्रह्मानंद शर्मा एवं अतिथियों द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। समापन समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल, युगल एवं समूह नृत्यों में विभिन्न सदनों के छात्र-छात्राओं ने राजस्थानी लोकगीतों, भजनों एवं पैरोडी पर शानदार प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में अहिल्याबाई, गार्गी, मदर टेरेसा, द्रौपदी मुर्मू, लता मंगेशकर, सावित्रीबाई फुले, प्रियदर्शनी, कल्पना चावला, विजयलक्ष्मी एवं डॉ. आनंदीबाई सदनों की सहभागिता सराहनीय रही। प्राचार्य डॉ. रामलाल वर्मा ने छह दिनों तक चले कार्यक्रमों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कारों की घोषणा की। अंत में मुख्य अतिथि सीताराम कुमावत ने शिविर के सफल आयोजन की सराहना करते हुए समापन की घोषणा की। कार्यक्रम में महावीर वर्मा, सोनू खटीक, रामप्रसाद साहू, रामलाल खटीक, विनोद कुमार लौहार, रामलाल सैनी, कमलेश शर्मा, निर्मला वैष्णव, सीमा लोहार, रजनी चौहान, रेखा कंवर, साकेत बाकलीवाल, प्रिया जैन, दीपक भारती, दीपक शर्मा, भागचंद विजय एवं जीवराज खारोल सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे। मंच संचालन खुशी सेन, संध्या खत्री, आकांक्षा पारीक, दिव्या सैनी, गुनगुन सोनी एवं रिंकू शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। छह दिवसीय कार्यक्रम में संजू कुमावत ने वीडियोठाफी एवं फोटोठाफी के माध्यम से उत्कृष्ट योगदान दिया।

तीन जेसीबी ने अतिक्रमण ध्वस्त

भीलवाडा। सांगानेर क्षेत्र में कोठारी नदी के निकट बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया। तड़के सुबह 5 बजे शुरू हुए इस अभियान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। तीन जेसीबी मशीनों ने अवैध निर्माणों को ध्वस्त कर दिया।

युवती ने की आत्महत्या

उदयपुर। विषाक्त वस्तु सेवन कर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार सायरा थाना क्षैत्र नारो का गुडा गांव निवासी चंदा कुमारी प्रजापत (19) पुत्री भगवती प्रजापत ने शुक्रवार को विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया। जिसकी तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया जहां उसकी मौत हो गई। हेडकांस्टेबल यशवन्त सिंह झाला ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। चंदा गुरूवार को खेत पर गई थी। जहां से वह अपरान्ह में खाना खाने के लिए घर आई। इस दौरान उल्टी होने पर सेल्फोस खाने की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया। आत्महत्या करने के कारणों की जांच की जा रही है।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

मूल आवंटी / अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों द्वारा निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की अर्जुनलाल सेठी नगर योजना के आवासगृह संख्या 409 क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर आवंटी / अन्तरिति रमेश चन्द पुत्र चुन्नीलाल निवासी अर्जुनलाल सेठी नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 30/4/2006 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसो क्रमश (1) श्रीमत राज रानी शर्मा पत्नि स्व. रमेश चन्द (2) श्रीमती सावित्री देवी पुत्री स्व. रमेश चन्द पत्नि छोटूलाल (अजमेर) (3) अशोक कुमार शर्मा (4) जितेन्द्र कुमार पुत्रगण स्व रमेश चन्द निवासी 410 अर्जुनलाल सेठी कॉलोनी परवतपुरा अजमेर द्वारा अपने सहहिस्सेदार (1) श्रीमती राज रानी शर्मा पत्नि स्व. रमेश चन्द निवासी 410 अर्जुनलाल सेठी नगर परवतपुरा अजमेर के पक्ष मे निष्पादित पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 26/9/2025 के आधार पर नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबध मे किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी

योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बैंक ऑफ बड़ौदा केकड़ी द्वारा अपने ग्राहक / गारंटर मेसर्स शिवा मिनरल्स पार्टनर नाथी देवी सोनी, किरण राठी, ज्ञानप्रकाश सोनी निवासी केकड़ी अजमेर की औद्योगिक संपत्ति है और आवेदक मेसर्स सोरा व्हाइट माइंस एंड मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड जरिये निदेशक / अधिकृत किरण राठी, संजय सोनी, शिवप्रकाश सोनी और दीपक राठी निवासी केकड़ी द्वारा अनुरोधित ऋण क्रेडिट सुविधा के लिए प्रतिभूति / प्रतिभूति के रूप में बैंक नीचे उल्लिखित संपत्ति को स्वीकार करना चाहती है । यदि किसी व्यक्ति को नीचे उल्लिखित संपत्ति पर कोई अधिकार / हक हित का दावा है, तो उन्हें सलाह दी जाती है कि वे अपने दावे को प्रमाणित करने के लिए आवश्यक प्रमाणों के साथ 10 दिनों के भीतर बैंक से संपर्क करे। यदि 10 दिनों के भीतर कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं होती है, तो यह मान लिया जाएगा कि संपत्ति किसी भी प्रभार / दावे / भार से मुक्त है और बैंक बंधक के साथ आगे बढ़ेगा ।

औद्योगिक संपत्ति का विवरण :- प्लॉट संख्या जी1 - 110, 111, 115 और 116, रीको औद्योगिक क्षेत्र केकड़ी जिला अजमेर राज. 305404

माप : 7497 वर्ग मीटर

सीमाएँ : प्लॉट संख्या जी1 - 110, 111 — पूर्व - कृषि भूमि, उत्तर - खुली भूमि, पश्चिम- प्लॉट नंबर जी1-109, दक्षिण - 18 मीटर चौड़ी सड़क

सीमाएँ : प्लॉट संख्या जी1 - 115, 116 — पूर्व 18 मीटर चौड़ी सड़क, उत्तर - 18 मीटर चौड़ी सड़क, पश्चिम - प्लॉट नंबर ई 113, 114, दक्षिण - प्लॉट नंबर जी111 से 109

बैंक ऑफ बड़ौदा केकड़ी, अजमेर

सम्पर्क : 8094007041

महावीर प्रसाद जाट (गोदारा), एडवोकेट

न्यायालय परिसर केकड़ी अजमेर राज मो.-9950529051

कार्यालय नगर पालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राजस्थान

क्रमांक -न.प.बि/निर्माण स्वी./2025/5004 आम सूचना दिनांक : 11.12.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि निम्नांकित मकान निर्माण हेतु निम्न भवन निर्माण पत्रावली प्राप्त हुई है, अगर किसी को आपत्ति/उज्र हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिव